कान्हा ना माने ना माने

चंदा की यारी ठाने रे कान्हा ना माने ना माने ना माने रे......

अंगना में लोट लोट झबला उतारे,
सिर का मुकुट और पायल उतारे,
मैया नजरिया उतारे रे, कान्हा ना माने ना माने ना माने रे......

ना चाहिए मैया मोहे कोई खिलौना,
ना चाहिए माखन मिश्री का दोना,
ना मोहे चाहिए दुल्हनिया रे, कान्हा ना माने ना माने ना माने रे.....

जल भर थाल यशोदा ले आई,
वाही में चंदा की छवि दिखलाई,
पकड़े तो हाथ में ना आवे रे, कान्हा ना माने ना माने ना माने रे....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28527/title/kanha-na-maane-na-maane

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |